भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1671**
05 दिसंबर, 2024 को उत्तर देने के लिए

## पीएमकेएसवाई के अंतर्गत प्रगति

**1671. श्री विष्णु दयाल राम:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** गत तीन वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) के कार्यान्वयन से देश में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है तथा राज्य-वार स्वीकृत एवं पूर्ण की गई परियोजनाओं की संख्या कितनी है; और

**(ख)** योजना के प्रत्येक घटक के लिए आवंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है तथा इससे सृजित हुए रोजगार अवसरों का ब्यौरा क्या है?

## उत्तर

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय एक केन्द्र प्रायोजित अम्ब्रेला योजना प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) को कार्यान्वित कर रहा है। मंत्रालय पीएमकेएसवाई की घटक योजनाओं के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और संबंधित अवसंरचना की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। पीएमकेएसवाई स्वरूप में मांग आधारित है और पूरे भारत से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

पीएमकेएसवाई की घटक योजनाओं के तहत पिछले तीन वर्षों (2021-22 से 2023-24) के दौरान 408 परियोजनाएं प्रचालनरत थीं और 495 नई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई, जिनकी कुल परियोजना लागत ₹12227.38 करोड़ रुपये और स्वीकृत सहायता अनुदान/सब्सिडी 2771.01 करोड़ रुपये थी ।

पीएमकेएसवाई की घटक योजनाओं के अंतर्गत अनुमोदित और प्रचालनरत परियोजनाओं की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है ।

**(ख)**: पिछले तीन वर्षों (2021-22 से 2023-24) के दौरान पीएमकेएसवाई की घटक योजनाओं से आवंटित धनराशि और सृजित रोजगार का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| **क्र.सं .** | **योजना** | **आवंटित धनराशि )करोड़ रूपये में)** | | | **सृजित रोजगार (संख्या)** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **वित्तीय वर्ष 22-2021** | **वित्तीय वर्ष 23-2022** | **वित्तीय वर्ष 24-2023** | |
| 1. | कृषि प्रसंस्करण क्लस्टरों के लिए अवसंरचना सृजन की योजना | 53.90 | 56.55 | 51.02 | 14,105 |
| 2. | बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज सृजन योजना | 40.79 | 18.78 | 10.83 | 17,357 |
| 3. | खाद्य प्रसंस्करण एवं परिरक्षण क्षमता सृजन/विस्तार योजना | 242.50 | 219.68 | 264.34 | 74,304 |
| 4. | एकीकृत शीत श्रृंखला एवं मूल्य संवर्धन अवसंरचना योजना | 263.00 | 222.34 | 175.41 | 41,400 |
| 5. | खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापनाउन्नयन/ योजना | 46.70 | 33.80 | 23.20 | 1,628 |
| 6. | मेगा फूड पार्क योजना | 54.37 | 24.80 | 20.66 | 0 |
| 7. | ऑपरेशन ग्रीन्स योजना | 74.50 | 74.49 | 160.36 | 2,165 |
| 8. | मानव संसाधन संस्थान - अनुसंधान एवं विकास | 3.40 | 2.12 | 2.40 | 0 |

*****

**अनुबंध**

**दिनांक 05.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए पीएमकेएसवाई के अंतर्गत प्रगति" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1671 के भाग (क) में संदर्भित अनुबंध**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | वित्त वर्ष 2021-22 | | वित्त वर्ष 2022-23 | | वित्त वर्ष 2023-24 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत | प्रचालनरत | स्वीकृत | प्रचालनरत | स्वीकृत | प्रचालनरत |
| 1 | अंडमान और निकोबार | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1 | 5 | 28 | 7 | 11 | 4 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 2 | 1 | 5 | 0 |
| 4 | असम | 2 | 4 | 22 | 7 | 36 | 5 |
| 5 | बिहार | 0 | 1 | 4 | 0 | 3 | 0 |
| 6 | चंडीगढ़ | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | छत्तीसगढ | 0 | 0 | 3 | 1 | 1 | 0 |
| 8 | दादर एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 9 | दिल्ली | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 10 | गोवा | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 11 | गुजरात | 0 | १३ | 18 | १३ | 4 | 10 |
| 12 | हरियाणा | 0 | 9 | 7 | 7 | 9 | 11 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 0 | 7 | 2 | 12 | 5 | 1 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 0 | 9 | 1 | 6 | 1 | 1 |
| 15 | झारखंड | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 16 | कर्नाटक | 0 | 8 | 7 | 6 | 12 | १३ |
| 17 | केरल | 0 | 5 | 8 | 11 | 9 | 6 |
| 18 | लद्दाख | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | वित्त वर्ष 2021-22 | | वित्त वर्ष 2022-23 | | वित्त वर्ष 2023-24 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत | प्रचालनरत | स्वीकृत | प्रचालनरत | स्वीकृत | प्रचालनरत |
| 20 | मध्य प्रदेश | 0 | 7 | 17 | 3 | 6 | 3 |
| 21 | महाराष्ट्र | 1 | 28 | 58 | 21 | 30 | 12 |
| 22 | मणिपुर | 0 | 0 | 0 | 1 | 3 | 0 |
| 23 | मेघालय | 0 | 1 | 0 | 0 | 3 | 0 |
| 24 | मिजोरम | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 25 | नागालैंड | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | उड़ीसा | 0 | 2 | 7 | 1 | 7 | 1 |
| 27 | पुदुचेरी | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 28 | पंजाब | 0 | 7 | 10 | 5 | 4 | 6 |
| 29 | राजस्थान | 0 | 4 | 16 | 3 | 7 | 2 |
| 30 | सिक्किम | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 31 | तमिलनाडु | 1 | 12 | 16 | 8 | 17 | 17 |
| 32 | तेलंगाना | 0 | 6 | 10 | 2 | 24 | 2 |
| 33 | त्रिपुरा | 0 | 2 | 1 | 2 | 0 | 0 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 0 | 14 | 20 | 7 | 9 | 7 |
| 35 | उत्तराखंड | 0 | 6 | 8 | 5 | 4 | 10 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 0 | 7 | 8 | 2 | 6 | 6 |
| | **कुल** | **5** | **158** | **273** | **133** | **217** | **117** |

*****